हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • शनिवार • 07 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 68 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

Page 11 खेल



अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइल में : 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास बाबर आजम...


Page 09 देश



ममता की केंद्र को दो-टूक : बीएसएफ का दायरा घटाओ, तभी फेंसिंग के लिए मिलेगी जमीन...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,39,650 | ₹ 2,75,000 |



## आज का इतिहास

**2011 :** सऊदी अरब में 2,000 संभावित पुरातात्विक स्थलों की पहचान एक पुरातत्वविद् द्वारा Google मानचित्रों में की गई थी।

**2012 :** मालदीव में कई महीनों के राजनीतिक संकट ने राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद के इस्तीफे को खत्म कर दिया।

## न्यूज बाइट्स

### डिजिटल फ्रॉड में 25 हजार तक की भरपाई करेगा आरबीआई

**नई दिल्ली (ए.)।** भले ही इस बार रेपो रेट में कोई कटौती नहीं की गई हो, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद बैंक उपभोक्ताओं के हित में कई अहम और दूरगामी फैसलों का एलान किया है। आरबीआई की इन घोषणाओं का सीधा लाभ आम बैंक ग्राहकों को मिलेगा, खासकर डिजिटल भुगतान और वित्तीय उत्पादों से जुड़े मामलों में। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद यह स्पष्ट किया गया कि रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है। हालांकि, गवर्नर ने यह भी साफ किया कि इस बार फोकस ब्याज दरों से ज्यादा ग्राहक सुरक्षा और बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर रहा। सबसे बड़ी घोषणा डिजिटल धोखाधड़ी से जुड़े मामलों को लेकर की गई है। आरबीआई ने कहा है कि भविष्य में छोटे मूल्य के डिजिटल फ्रॉड मामलों में ग्राहकों को 25 हजार रुपये तक की हानि की भरपाई की जाएगी। यह प्रावधान अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन से जुड़े मामलों में लागू होगा। 2017 में जारी पुराने नियमों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है, जिससे उन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जो यूपीआई, नेट बैंकिंग या मोबाइल वॉलेट के जरिए छोटी-मोटी धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री (मिस-सेलिंग) पर भी सख्ती करने का संकेत दिया है।

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का बड़ा बयान, कहा

# पीपीपी मोड में बनेंगे मेडिकल कॉलेज

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को सदन के भीतर और बाहर सियासी सरगर्मी तेज देखने को मिली। एक ओर जहां सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े फैसलों के संकेत दिए, वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने किसानों के मुद्दे को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में स्पष्ट किया कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए पीपीपी (पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। बजट सत्र के दौरान विधानसभा के मुख्य द्वार पर विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्ष ने सरकार पर किसान विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने और धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे सदस्यों का कहना था कि धान खरीद में देरी से किसान परेशान हैं और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर नहीं मिल पा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर बिहार विधानपरिषद में भी विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया। धान खरीद पर बोनस की मांग को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा और कृषि रोडमैप के नाम पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया। इस प्रदर्शन में राबड़ी देवी, उर्मिला ठाकुर, शशि यादव, सुनील सिंह, सौरभ कुमार, मदन मोहन झा सहित कई नेता शामिल रहे। इस बीच पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के नीट छात्रा से जुड़े बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि किसी मंत्री या मंत्री के बेटे का नाम सामने आता है तो 24 घंटे के भीतर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए विपक्ष से तथ्य सामने रखने की मांग की।

वहीं बजट पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक रजनीश कुमार ने कहा 'बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की जरुरत नहीं है। केंद्र सरकार से लगातार सहयोग मिल रहा है। पिछली बार विशेष पैकेज मिला। इस बार भी पैकेज मिला है।



### बिहार के 10 लाख कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस इलाज

अब विधायकों, विधान पार्षदों, सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप के सवाल के जवाब के दौरान सरकार ने इसका ऐलान किया। इससे प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फायदा मिलेगा।

### रोस्टर क्लियर होने के बाद निकलेगी टीआरई-4 की बहाली

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग को रोस्टर क्लियर करके टीआरई-4 की बहाली के लिए भेज दिया गया है। ये भर्ती 30000 से कम नहीं होगी। समान्य प्रशासन विभाग से जैसे ही यह सूचना प्राप्त हो जाएगी कि कितने पदों पर बहाली होगी, सूचना मीडिया में दी जाएगी। दो दिन पहले ही हम लोगों ने इससे जुड़ा मसौदा सामान्य प्रशासन को भेज दिया है। जिन विषयों में शिक्षकों की अधिक कमी है, उसे पहले हम पूरा करना चाहते हैं।

### महिलाओं को 10 हजार देने के मुद्दे पर तीखी बहस, राजद–जदयू आमने-सामने

विधान परिषद में बजट पर बोलते हुए राजद एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के बजट में महिलाओं को चुनाव वादों के तहत 10000 रुपए खुश करने के लिए दिया गया। इससे राजकोषीय घाटा की गारंटी है। जिसपर जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि महिलाओं को 10000 दिए जाने के मामले को लेकर एक नेता सुप्रीम कोर्ट चले गए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बैरंग लौटा दिया और कहा कि ऐसी याचिका कोई सुप्रीम कोर्ट में दायर करता है क्या? यानी सुप्रीम कोर्ट ने भी महिलाओं को 10000 रुपए देने पर अपनी मुहर लगा दी है।

### महिलाओं के लिए खुला खजाना : नौ हजार करोड़ से होगा सशक्तीकरण

नीतीश कुमार सरकार ने वर्ष 2026–27 के बजट में महिलाओं के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। राज्य के 3.46 लाख करोड़ के वार्षिक बजट में महिलाओं के बहुमुखी विकास के लिए 48 हजार करोड़ से अधिक खर्च करने का प्रावधान किया गया है। सरकार का मानना है कि महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक मजबूती के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है, इसी सोच के तहत यह व्यापक बजटीय पहल की गई है। सरकार की प्रमुख विकास योजना 'सात निश्चय–3' के अंतर्गत करीब 14 हजार करोड़ खर्च किए जाने का अनुमान है, जिसमें से लगभग 9 हजार करोड़ राशि सीधे तौर पर महिलाओं की भागीदारी और उनसे जुड़ी योजनाओं पर खर्च होगी। इसमें शिक्षा, रोजगार, स्वयं सहायता समूह, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका सीधा लाभ राज्य की महिलाओं को मिलेगा। वार्षिक बजट पेश होने के बाद अब सरकार जेंडर बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में जुट गई है। इसे चालू बजट सत्र के अंतिम सप्ताह में बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। जेंडर बजट के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं में महिलाओं पर होने वाले प्रत्यक्ष खर्च और सामान्य योजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी को समेकित रूप से प्रस्तुत किया जाता है, जिससे बजटीय पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। जानकारी के अनुसार, आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के जेंडर बजट में विभागों की भागीदारी भी बढ़ाई जा रही है। जहां चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में 25 विभागों की रिपोर्टिंग शामिल थी, वहीं अगले वित्तीय वर्ष में 27 विभागों की रिपोर्टिंग होगी। यह कदम महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की निगरानी और प्रभाव मूल्यांकन को और मजबूत करेगा।

---

कैबिनेट की बैठक में 17 एजेंडों पर लगी मुहर

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजा दोगुना



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार की कैबिनेट बैठक में शुक्रवार को जनकल्याण और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 17 महत्वपूर्ण एजेंडों को मंजूरी दी गई। इन फैसलों से यह स्पष्ट संकेत मिला है कि सरकार की प्राथमिकता राज्य का विकास, आम जनता की सुरक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता है। कैबिनेट ने प्रवासी मजदूरों को लेकर एक ऐतिहासिक और मानवीय निर्णय लिया है।

अब यदि किसी प्रवासी मजदूर की मौत राज्य के बाहर या देश से बाहर (सात समंदर पार) होती है, तो उसका पार्थिव शरीर राज्य सरकार अपने खर्च पर बिहार लाएगी। इसके साथ ही यदि कोई मजदूर बाहर काम के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो उसके इलाज का पूरा खर्च भी सरकार वहन करेगी। यह फैसला रोज़गार के लिए पलायन करने वाले लाखों मजदूरों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। सड़क हादसों में जान गंवाने वालों के परिजनों को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से कैबिनेट ने दुर्घटना मुआवजे की राशि को दोगुना करने का निर्णय लिया है। सरकार का मानना है कि इस बढ़ी हुई सहायता राशि से पीड़ित परिवारों को संकट की घड़ी में मजबूती मिलेगी और उनका जीवन फिर से पटरी पर लाने में मदद होगी। नगर परिषदों में स्थायी सशक्त समिति को लेकर भी निर्णायक फैसला लिया गया है, जिससे शहरी विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

### 15 साल पुरानी गाड़ी रजिस्ट्रेशन नियम में बदलाव

बिहार सरकार ने 15 साल पुरानी गाड़ी रजिस्ट्रेशन नियम में बदलाव किया है। यह नियम सरकारी और गैर सरकारी गाड़ी पर लागू होगी। संशोधन पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के धारा 218(3) में संशोधन पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने भारतीय के स्थान पर राज्य नागरिक सुरक्षा संहिता लिखे जाने पर हरी झंडी दी है। इसके अलावा जिलों की बैठक में सांसद और विधायक के प्रतिनिधि भी शामिल हो सकेंगे।

---

नियोजन भवन में विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

# पांच लाख रिश्वत लेते असिस्टेंट डायरेक्टर गिरफ्तार

निज संवाददाता | पटना

राजधानी पटना में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नियोजन भवन में पदस्थापित असिस्टेंट डायरेक्टर परमजय सिंह को 5 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम ने यह गिरफ्तारी नियोजन भवन की पार्किंग से की, जहां आरोपी अधिकारी रिश्वत की राशि ले रहा था।

इस मामले की शिकायत उप-निदेशक ओमप्रकाश द्वारा निगरानी विभाग से की गई थी। शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया। निगरानी के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि 26 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के लिए कार्यालय खर्च और उपकरण मद में कुल 1 करोड़ 70 लाख 30 हजार रुपये जारी किए गए थे। इसी राशि की पहली किश्त के एवज में आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। निगरानी विभाग ने बताया कि मामले से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है और अन्य संभावित लेन-देन की भी पड़ताल होगी। पूछताछ के आधार पर आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी परमजय सिंह ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि नियोजन भवन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 80 करोड़ रुपये का एक टेंडर अधिकारियों द्वारा बदलकर 500 करोड़ रुपये का कर दिया गया।

परमजय सिंह का कहना है कि जून 2025 में उनके योगदान के बाद अधिकारियों को लगा कि वे भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ कर सकते हैं, इसलिए साजिश के तहत उनकी बातचीत रिकॉर्ड कराई गई और उप-निदेशक ओमप्रकाश के माध्यम से उन्हें फंसा दिया गया। आरोपी ने यह भी दावा किया कि उसने इस कथित भ्रष्टाचार की शिकायत सीएमओ, पीएमओ और निगरानी विभाग से पहले ही की थी। निगरानी विभाग का कहना है कि आरोपी द्वारा लगाए गए आरोपों की भी तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी। फिलहाल, यह कार्रवाई नियोजन भवन से जुड़ा अब तक का सबसे चर्चित भ्रष्टाचार मामला माना जा रहा है।



### पार्किंग में कार के अंदर ले रहा था रिश्वत

शुक्रवार को आरोपी असिस्टेंट डायरेक्टर नियोजन भवन के नीचे स्थित पार्किंग में अपनी कार के अंदर पहली किश्त के रूप में 5 लाख रुपये रिश्वत के तौर पर ले रहा था। इसी दौरान निगरानी टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी को निगरानी कार्यालय ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ जारी है।

---

# सूबे में उन्नत बीज से 28 हजार एकड़ में गन्ना की होगी खेती

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में 28 हजार एकड़ में उन्नत बीज से गन्ना की खेती होगी। इसके तहत सरकार गन्ना किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराएगी। गन्ना उद्योग विभाग ने इस संबंध में व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया है। चयनित गन्ना किसानों को इसका लाभ मिलेगा। योजना सफल होने के बाद भविष्य में इस योजना का और विस्तार होगा। गन्ना उद्योग विभाग के अनुसार, 28 हजार एकड़ में उन्नत गन्ना खेती के लिए सात लाख क्विंटल उन्नत बीज का वितरण किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बीज से गन्ना का उत्पादन बढ़ेगा और वे बेहतर गुणवत्ता के भी होंगे। चीनी मिलों को अतिरिक्त गन्ने की आपूर्ति होगी और किसानों को बेहतर गुणवत्ता के गन्ना उत्पादन के कारण अधिक कीमत मिलेगी। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में गन्ना की खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उसकी खेती में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर चीनी मिलों में गन्ने की मांग में लगातार बढ़ रही है। ऐसे में गन्ना का उत्पादन बढ़ाना बड़ी चुनौती है। विभाग के अनुसार उन्नत बीज के उपयोग से इस चुनौती से निपटा जा सकता है। उन्नत बीज से गन्ने के पौधे को रोग से भी निजात मिलेगी।

---

# नौ महीनों में एलआईसी का मुनाफा 16.68% बढ़ा, वित्तीय प्रदर्शन में मजबूती बरकरार

विशेष संवाददाता | मुंबई

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति प्रदान की है। जारी परिणामों के अनुसार, एलआईसी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) बढ़कर 33,998 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 29,138 करोड़ था। इस प्रकार निगम के मुनाफे में 16.68 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के मानकों के अनुसार प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) के आधार पर एलआईसी ने भारतीय जीवन बीमा बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि में एलआईसी की कुल बाजार हिस्सेदारी 57.07 प्रतिशत रही। इस दौरान व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 35.84 प्रतिशत तथा समूह व्यवसाय में 71.36 प्रतिशत दर्ज की गई। वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, नौ महीनों की अवधि में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय बढ़कर 3,71,293 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 3,40,563 करोड़ थी। इसमें 9.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय 44,941 करोड़ रही, जबकि नवीनीकरण प्रीमियम आय 1,91,050 करोड़ तक पहुंच गई। इस प्रकार कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम 2,35,991 करोड़ रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 6.58 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वहीं समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 1,35,302 करोड़ रही, जिसमें 13.56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, व्यक्तिगत सेगमेंट में पॉलिसियों की संख्या में मामूली गिरावट देखी गई। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों में कुल 1,16,63,856 पॉलिसियां बेची गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 1,17,10,505 थी। वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य (एपीई) के आधार पर नौ महीनों की अवधि में कुल प्रीमियम 44,007 करोड़ रहा, जिसमें 62.61 प्रतिशत योगदान व्यक्तिगत व्यवसाय का और 37.39 प्रतिशत समूह व्यवसाय का रहा। व्यक्तिगत व्यवसाय में असहभागी (नॉन-पार) उत्पादों की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 36.46 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष 27.68 प्रतिशत थी। एलआईसी के नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) भी मजबूत हुआ है। नौ महीनों की अवधि में वीएनबीबढ़कर 8,288 करोड़ पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 6,477 करोड़ था। इसके साथ ही शुद्ध वीएनबी मार्जिन 170 आधार अंक बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गया है।

कंपनी की वित्तीय स्थिरता को दर्शाते हुए सॉल्वेंसी अनुपात 31 दिसंबर 2025 को बढ़कर 2.19 हो गया, जो एक वर्ष पूर्व 2.02 था। वहीं प्रीमियम के आधार पर 13वें और 61वें माह की स्थायित्व दरें क्रमशः 75.75 प्रतिशत और 61.09 प्रतिशत रहीं। इस अवधि में एलआईसी के प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) का मूल्य बढ़कर 59,16,680 करोड़ हो गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 8.01 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही कुल व्यय अनुपात घटकर 11.65 प्रतिशत रह गया, जो परिचालन दक्षता में सुधार का संकेत देता है। कुल मिलाकर, एलआईसी के वित्तीय नतीजे यह दर्शाते हैं कि निगम लाभप्रदता, पूंजी सुदृढ़ता और परिचालन दक्षता—तीनों मोर्चों पर संतुलित प्रदर्शन बनाए हुए है और भारतीय जीवन बीमा बाजार में अपनी अग्रणी भूमिका को और मजबूत कर रहा है।

---

खादी और ग्रामोद्योग महोत्सव–2025–26

# सात से 16 फरवरी तक राज्य स्तरीय भव्य आयोजन

- खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े कारीगरों, बुनकरों व उद्यमियों को प्रोत्साहन और व्यापक पहचान
- संयुक्त राज्य स्तरीय पीएमईजीपी एवं विपणन प्रदर्शनी




निज संवाददाता | पटना

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य कार्यालय, पटना द्वारा 07 फरवरी से 16 फरवरी तक गांधी मैदान (गेट संख्या–7 के सामने) संयुक्त राज्य स्तरीय पीएमईजीपी एवं विपणन प्रदर्शनी "खादी और ग्रामोद्योग महोत्सव–2025–26" का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्घाटन समारोह 07 फरवरी को अपराह्न 1.00 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्घाटन जीतन राम मांझी, माननीय केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। उद्घाटन अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारी तथा जिला प्रशासन, पटना के पदाधिकारीगण की उपस्थिति अपेक्षित है।

प्रदर्शनी में बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों की खादी एवं ग्रामोद्योगी संस्थाएँ तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के लाभार्थी अपनी-अपनी इकाइयों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री करेंगे। इसके अतिरिक्त भारत सरकार एवं बिहार सरकार के विभिन्न विभाग, बैंक, नाबार्ड, सिडबी एवं अन्य सहयोगी संस्थान अपने-अपने स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं, सेवाओं और उत्पादों का प्रचार-प्रसार करेंगे। महोत्सव की अवधि में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, खादी फैशन शो, थीम-आधारित मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। साथ ही खादी एवं ग्रामोद्योगी वस्तुओं के निर्माण की जीवंत (लाइव) प्रदर्शनियाँ, गांधी जीवन दर्शन प्रदर्शनी, एक दिवसीय खादी फैशन शो जैसे कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

प्रदर्शनी में आगंतुकों की सुविधा हेतु आधार सुविधा केंद्र, पालनाघर, विभिन्न बैंकों एवं सरकारी कार्यालयों के स्टॉल भी उपलब्ध रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, प्रतिदिन हजारों की संख्या में प्रबुद्धजन एवं ग्राहक कार्यक्रम स्थल पर परिभ्रमण के लिए पहुँचेंगे।






## संक्षिप्त समाचार

### सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोकना सही नहीं : नायक



**रांची।** कांग्रेस नेता विजय शंकर नायक ने सदन में बजट सत्र के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समय बोलने से रोके जाने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह सही नहीं है और इस तरह की संसदीय विवाद कोई साधारण घटना नहीं है। बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर आघात है। नायक ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत तीन फरवरी 2026 को जब राहुल गांधी ने भारत–चीन सीमा विवाद सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा का प्रयास किया। सदन में नियमों का हवाला देकर उन्हें रोका गया, जिसके बाद हंगामा हुआ। इसके बाद विपक्ष के आठ सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि संसद में सवाल उठाने की परंपरा कमजोर की जा रही है,और विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। नायक ने देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, कॉरपोरेट प्रभाव और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

### बिल्डर ने अपार्टमेंट से कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस



**रांची।** रांची के जाने-माने बिल्डर और मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर 45 वर्षीय अनुराग सरावगी ने गुरुवार देर रात ब्लेयर अपार्टमेंट के अपने आवास की छठी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय वह फ्लैट में अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चे तमिलनाडु में रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे। देर रात तक पुलिस को कारणों का पता नहीं चला, लेकिन प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी देते हुए अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि गुरुवार की रात सभी सोने चले गए थे तभी किसी के बहुत ऊपर से गिरने की आवाज आई, दौड़ कर जाने पर अनुराग सर का शव जमीन पर मिला, जहां उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। उनका मोबाइल फोन पूरी तरह चकनाचूर हो गया था, जिसे फॉरेंसिक टीम ने जब्त कर लिया है। अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर उनके वृद्ध माता-पिता मौजूद थे, जबकि दूसरे फ्लोर पर उनका एक और फ्लैट अंदर से बंद मिला। पुलिस को दिए बयान में घर की नौकरानी ने बताया कि अनुराग जब घर लौटे तो फोन पर किसी से जोर-जोर से बात कर रहे थे । नौकरानी ने कहा, साहब फोन पर किसी से बहस कर रहे थे। फिर अचानक बाहर चले गए। फिर अचानक उनके बालकनी से गिरने की आवाज आई। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह खुदकुशी का मामला लगता है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच चल रही है। शुरुआती जांच में मामला खुदकुशी का है। इसके बावजूद पुलिस सभी वैज्ञानिक जांच करवा रही है। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि घटना के समय अनुराग के बुजुर्ग मां-बाप अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर ही मौजूद थे। जबकि पत्नी और उनके बच्चे किसी काम से तमिलनाडु गए हुए हैं। परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

### अंधविश्वास के खिलाफ नुक्कड़ सभा, ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में समाज में अंधविश्वास, डायन-प्रथा और आंतरिक कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा, नेशनल आदिवासी रिवाईवल एसोसिएशन और सिंगी एंड सिंगी सोसाइटी के प्रतिनिधियों की ओर से चक्रधरपुर के चंद्री पंचायत के बाईडीह गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान ग्रामीणों को डायन-प्रथा, सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों और अफवाहों के कारण हो रही आपराधिक घटनाओं की जानकारी दी गई। इन कुरीतियों से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी नुकसान के बारे में लोगों को सचेत किया गया। साथ ही हिंसक घटनाओं की रोकथाम और कानूनी जागरूकता के उद्देश्य से नेशनल आदिवासी रिवाईवल एसोसिएशन और सिंगी एंड सिंगी सोसाइटी की ओर से जागरूकता संबंधी हैंडविल भी बांटे गए। इस अवसर पर आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम ने कहा कि अधिकांश आदिवासी गांव आज भी डायन-प्रथा, सामाजिक बुराइयों और आंतरिक कुरीतियों की चपेट में हैं। इससे आपसी ईर्ष्या, द्वेष, पारिवारिक विवाद, मारपीट और कानूनी झंझट बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाज को इन समस्याओं से बाहर निकालने के लिए कई व्यावहारिक सुझाव भी रखे। नुक्कड़ सभा में सदर अनुमंडल सचिव आशीष कुमार तिरिया, कमलेश बिरूवा, शंकर बोदरा, सरस्वती पुरती, नंदनी बोदरा, सरिता बोदरा, तुलसी बोदरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रांजाबुरु लौह अयस्क खदान के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र विरोध

एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम



पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा क्षेत्र में सेल (सेल) प्रबंधन की ओर से नई रांजाबुरु लौह अयस्क खदान खोलने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के साथ ही इलाके में विरोध तेज हो गया है। खदान से सीधे प्रभावित होने वाले सात गांवों के ग्रामीणों ने इसे अपने अस्तित्व, अधिकार और कानून के खिलाफ बताते हुए खुला आंदोलन छेड़ने का एलान कर दिया है। शुक्रवार को कासिया-पेंचा गांव में सामाजिक कार्यकर्ता मंगता सुरीन की अध्यक्षता में आयोजित विशाल बैठक में कासिया-पेंचा, गंगदा, घाटकुड़ी, जोजोगुट्टू, राजबेड़ा, बाईहातु और तितलीघाट गांवों के मुंडा, ग्रामीण पुरुष और महिलाएं सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की कि रांजाबुरु खदान में सौ फीसदी प्रभावित गांवों के बेरोजगार युवकों को स्थायी और अस्थायी रोजगार दिया जाए, अन्यथा खदान को हमेशा के लिए बंद कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि सेल प्रबंधन आदिवासियों को केवल जमीन देने वाला मान रहा है, जबकि खदान से होने वाले मुनाफे का कोई लाभ गांवों को नहीं मिल रहा। इसके बदले धूल, प्रदूषण, बीमारियां, बेरोजगारी और विस्थापन जैसी समस्याएं झेलनी पड़ेंगी। बैठक में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम ( सीएनटी एक्ट) और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी क्ट) के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया गया कि क्या ग्रामसभा की लिखित सहमति के बिना ही खदान की प्रक्रिया शुरू की गई है। ग्रामीणों ने पुनर्वास, मुआवजा और पर्यावरण नियमों के पालन को लेकर भी पारदर्शिता की मांग की। मंगता सुरीन ने कहा कि सीएनटी और एसपीटी एक्ट आदिवासियों की ढाल हैं और इन्हें तोड़कर कोई भी खदान नहीं चल सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को कानूनी और जनांदोलन दोनों रूपों में तेज किया जाएगा। बैठक में मुंडा नंदलाल सुरीन, मुंडा कानूराम देवगम, मंगता सुरीन, राजेश साड़ील, सूरदन सुरीन, पवन चांपिया, हरि चांपिया, जादू सुरीन, बामिया सुरीन, सागूराम सुरीन, चरण सुरीन सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## काम की तलाश में निकली युवती लौटी सुरक्षित

एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम



काम की तलाश में घर से निकली आदित्यपुर की रहने वाली युवती जानकी प्रधान को पुलिस ने सकुशल टाटानगर रेलवे स्टेशन से बरामद कर शुक्रवार को उसके परिजनों को सौंप दिया। युवती के सुरक्षित मिलने से परिवार ने राहत की सांस ली है। जानकी प्रधान ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए वह रोजगार की तलाश में घर से निकली थी। शुरुआती दिनों में डर और असमंजस के कारण कुछ गलतफहमियां फैलीं, लेकिन दो दिन बाद मीडिया को दिए अपने बयान में उसने स्पष्ट किया कि वह न तो किसी के साथ गई थी और न ही किसी के बहकावे में आई थी। जानकी के अनुसार, वह कुछ समय तक दिल्ली में रहकर एक छोटी कंपनी में काम कर रही थी और आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रही थी। उसने यह भी साफ कहा कि उसके साथ किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। जानकी ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ महीने से परिवार से संपर्क नहीं हो पाने के कारण घरवाले परेशान थे। इसी दौरान उसके घर से निकलने को लेकर समाचार प्रकाशित हुए, जिन्हें देखने के बाद उसे लगा कि अपनी वास्तविक स्थिति की जानकारी परिवार तक पहुंचाना जरूरी है। इसी सोच के साथ उसने घर लौटने का फैसला किया और स्वयं टाटानगर स्टेशन पहुंची। स्टेशन पर युवती के पहुंचने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जानकी प्रधान को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। घर लौटने के बाद जानकी ने कहा कि वह अब परिवार से बातचीत कर आगे की योजना बनाएगी और भविष्य में कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले घरवालों को विश्वास में लेगी। पुलिस ने भी आम लोगों से अपील की है कि ऐसी परिस्थितियों में आपसी संवाद बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि अनावश्यक चिंता और भ्रम की स्थिति से बचा जा सके।

## नगर परिषद अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों की सात फरवरी को होगी आवश्यक बैठक

एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम




नगरपालिका (आम) चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में चाईबासा नगर परिषद (वर्ग ख) के अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। यह जानकारी निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर के कार्यालय से जारी पत्र के माध्यम से दी गई है। निर्वाचन शाखा की ओर से जारी पत्रांक के अनुसार यह बैठक सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में सात फरवरी (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:45 बजे आयोजित होगी। बैठक स्थल निर्वाची पदाधिकारी का सभा कक्ष निर्धारित किया गया है। इस बैठक में अध्यक्ष पद के सभी नामांकनकर्ता अभ्यर्थियों को समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। बैठक का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देना एवं आगामी चुनावी गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न कराना बताया गया है। अध्यक्ष पद के लिए जिन अभ्यर्थियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है, उनमें देवी शंकर दत्ता, अनुप कुमार सुल्तानिया, फैयाज खान, नितेश कुमार दोदराजका, सुनील प्रसाद साव, नितिन प्रकाश, रमेश खिरवाल, राधा मोहन बनर्जी, मुकेश कुमार एवं मो० सलीम शामिल हैं। निर्वाची पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में भाग लें, ताकि चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जा सके और किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। नगर निकाय चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और प्रशासन भी चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सक्रिय नजर आ रहा है।

## नगरपालिका चुनाव में शस्त्र जमा नहीं करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित रेणु की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पांच फरवरी तक जिले के चाईबासा और चक्रधरपुर नगरपालिकाओं के शहरी क्षेत्रों में सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों को अपने हथियार जमा कराने का निर्देश दिया गया है। चाईबासा शहरी क्षेत्र में कुल 89 शस्त्र अनुज्ञप्ति जारी हैं, जिनमें से 69 लोगों ने अपने हथियार जमा कर दिए हैं। 15 व्यक्ति एवं संस्थाओं की ओर से शस्त्र जमा से छूट के लिए आवेदन दिया गया है, जिनमें छह बैंक संस्थान शामिल हैं। वहीं पांच अनुज्ञप्ति धारकों ने अब तक अपने हथियार जमा नहीं कराए हैं।

इसी तरह चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में कुल 48 शस्त्र अनुज्ञप्ति जारी हैं। इनमें से 45 लोगों ने अपने हथियार जमा कर दिए हैं। यहां एक बैंक संस्थान को छूट प्राप्त है, जबकि दो अनुज्ञप्ति धारकों ने अपने शस्त्र अब तक जमा नहीं कराए हैं। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दोनों शहरी क्षेत्रों में जिन अनुज्ञप्ति धारकों ने अब तक अपने हथियार जमा नहीं किए हैं, उन्हें सूचना देने के बाद यदि वे आज शाम तक शस्त्र जमा नहीं करते हैं तो उनकी अनुज्ञप्ति रद्द की जाएगी। साथ ही संबंधित हथियार जब्त करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और विधिक प्रावधानों के अनुसार उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शिव-हनुमान मंदिर में चोरी, दान पेटियां तोड़कर नकदी ले उड़े चोर

**पूर्वी सिंहभूम।** सीतारामडेरा थाना से सटे शिव -हनुमान मंदिर में गुरुवार देर रात हुई चोरी की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चोर मंदिर की दीवार फांदकर भीतर दाखिल हुआ और वहां रखी तीन दान पेटियों के ताले तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर के सेवक मुन्ना पात्रों ने बताया कि रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह जब मंदिर का कपाट खोला गया, तो तीनों दान पेटियों के ताले टूटे हुए मिले। मंदिर के अंदर सामान बिखरा देख उन्हें चोरी की आशंका हुई। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना सीतारामडेरा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोर की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि चोर ने पूरी योजना के साथ मंदिर को निशाना बनाया और रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम दिया। थाना से सटे मंदिर में चोरी की घटना सामने आने के बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोर की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सांसद पुत्र ने चक्रधरपुर नगर निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद का नामांकन लिया वापस

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले सांसद पुत्र उदय मांझी ने शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया है। इस संबंध में उन्होंने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने फैसले की जानकारी दी, जिससे समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई। उदय मांझी ने अपने पोस्ट में चक्रधरपुरवासियों को "जोहार" कहकर संबोधित करते हुए लिखा कि वे भारी मन लेकिन दृढ़ निश्चय के साथ यह फैसला ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर की मिट्टी ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है, उसके लिए वे हमेशा ऋणी रहेंगे। नगर परिषद चुनाव में नामांकन भरने का उनका एकमात्र उद्देश्य जनता की सेवा करना और शहर के विकास के लिए काम करना था। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए तथा बड़ों के मार्गदर्शन में दादा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मां जोबा मांझी और भाई जगत मांझी के कहने पर उन्होंने चुनाव से हटने का निर्णय लिया है। उदय मांझी ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि उनके हर सपने में चक्रधरपुर का विकास और यहां के लोगों की खुशहाली शामिल है। अपने समर्थकों को भरोसा दिलाते हुए उदय मांझी ने कहा कि नामांकन वापस लेने का मतलब यह नहीं है कि वे जनता की सेवा से पीछे हट रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे एक आम नागरिक के रूप में हमेशा लोगों के बीच रहेंगे और चक्रधरपुर की बेहतरी के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। उदय मांझी के इस फैसले के बाद नगर निकाय चुनाव की राजनीतिक तस्वीर में बदलाव के संकेत देखे जा रहे हैं, वहीं उनके समर्थकों में भावनात्मक प्रतिक्रिया भी देखने को मिल रही है।

### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

पत्रांक.......................... **आम सूचना** दिनांक ........................

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के तहत झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) योजना 2014 नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना के अध्याय VI में वर्णित पथ विक्रेताओं हेतु आधारभूत संरचनाओं का विकास एवं विकसित मार्केट/जोन के दुकानों/स्थलों (चबुतरा) के आवंटन की रीति/प्रक्रिया के अनुसार मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रांन्तर्गत ब्राहमण विद्यालय के समीप निर्माणाधीन वेंडिंग जोन/मार्केट के दुकानों/स्थलों (चबुतरा) का आवंटन किया जाना है। निर्माणाधीन वेंडिंग जोन/मार्केट में स्थानीय फुटपाथी विक्रेताओं को जिनको कार्यालय द्वारा ID Card, Certificate of Vending अथवा LOR उपलब्ध कराया गया है, वे ही स्थल (चबुतरा) प्राप्त करने हेतु योग्य माने जायेगें। **आवेदकों को निर्माणाधीन वेंडिंग जोन/मार्केट के दुकानों/स्थलों (चबुतरा) का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है।**

**निर्माणाधीन वेंडिंग जोन/मार्केट में दुकानों/स्थलों (चबुतरा) का आवंटन हेतु निम्न शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा:–**

1. पूर्व से मेदिनीनगर नगर निगम या अन्य विभागों द्वारा दुकान आवंटित नहीं होनी चाहिए।
2. मांस–मछली एवं मुर्गा विक्रेता आवेदन के लिए पात्र नहीं है।
3. पान, गुटखा, खैनी, सिगरेट एवं किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ के विक्रेता आवेदन के लिए पात्र नहीं होगा।
4. वैसे फुटपाथ विक्रेता जिनके पास निजी/किराये का पक्का दुकान, जिला परिषद् या अन्य किसी भी विभाग द्वारा पक्का दुकान अथवा स्थल आवंटित है उन्हें आवेदन के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। लॉटरी के पश्चात् यदि पाया जाता है कि आपको पहले से दुकान आवंटित है, तो आवंटित दुकान रद्द कर दी जाएगी।
5. फुटपाथ विक्रेताओं से आवंटित स्थल/चबुतरा के एवज में सुविधा शुल्क ली जाएगी जिनका निर्धारण कार्यालय द्वारा किया जायेगा।
6. स्थल/चबुतरा का आवंटन एक वर्श की अवधि के लिए वैध होगा, आवंटित स्थल/चबुतरा का जांचोपरांत प्रत्येक वर्श नवीनीकरण किया जाएगा।
7. असामाजिक/प्रतिबंधित कार्य/क्रय–विक्रय करते हुए पकड़े जाने पर आवंटन रद्द करते हुए कानुनी कार्रवाई की जाएगी।
8. किराये पर स्थल/चबुतरा देना गैर कानुनी होगा, पाये जाने पर नगरपालिका अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई के साथ स्थल/चबुतरा का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और भविष्य में नगर निगम के द्वारा किसी भी दुकान/स्थल/चबुतरा का आवंटन नहीं किया जाएगा।
9. स्थल/चबुतरा के आवंटन के उपरांत नगर निगम क्षेत्र में सड़क के किनारे दुकान लगाते पाए जाने पर आवंटित स्थल/चबुतरा का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा एवं सड़क के किनारे दुकान लगाए जाने पर नगरपालिका अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**निर्माण उपरांत वेंडिंग जोन/मार्केट में स्थल/चबुतरा आवंटन हेतु अनिवार्य कागजात:–**

1. मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय द्वारा निर्गत ID Card, Certificate of Vending अथवा LOR की छायाप्रति।
2. दुकान आवंटन का आवेदन–पत्र।
3. शपथ–पत्र (नोटरी पब्लिक द्वारा 50/– का)।
4. पासपोर्ट आकार का फोटो (2)।
5. आधार कार्ड की छायाप्रति।
6. मतदाता पहचानपत्र की छायाप्रति।
7. कार्य करते हुए कार्यस्थल का फोटो।
8. बैंक पासबुक की छायाप्रति (PMSVANidhi योजना के तहत जिस बैंक से ऋण के लिए ऑनलाईन आवेदन किया गया)।
9. आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कागजातों की मांग की जा सकती है।

**नोट:– वेंडिंग जोन/मार्केट में स्थल/चबुतरा के लिए आवेदन करने हेतु आम सूचना के माध्यम से कार्यालय, मेदिनीनगर नगर निगम, मेदिनीनगर के द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।**

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 372485 District(25-26)#D

### कार्यालय – जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका)–सह–उपायुक्त, पलामू (कार्मिक कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**(मतदान कर्मियों हेतु आयोजित प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित कर्मियों से संबंधित)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पलामू जिलान्तर्गत नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के निमित दिनांक 04.02.2026 को आयोजित मतदान कर्मियों के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो कर्मी अनुपस्थित रहें हैं, वे प्रभारी पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग –सह–जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय वेश्म में दिनांक 09.02.2026 को कार्यालय अवधि में स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पश्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने अथवा संतोशजनक नहीं रहने पर चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित कर्मियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 भारतीय दण्ड संहिता एवं झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायगी।

प्रभारी पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग, पलामू

PR 372482 (District)25-26*D

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका आम)-सह-उपायुक्त, गढ़वा

(व्यय अनुश्रवण कोषांग)

Email.Id eemcellgarhwa2024@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के गढ़वा नगर परिषद में अध्यक्ष, वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत मंझिऑव में अध्यक्ष, वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर, अध्यक्ष, वार्ड सदस्य के निर्वाचन हेतु दिनांक 23.02.2026 को मतदान की तिथि निर्धारित है। निर्वाचन आयोग झारखण्ड के दिशा–निर्देश के आलोक में गढ़वा जिला के लिए व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोशांग का गठान किया गया है।

गढ़वा नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के गढ़वा नगर परिषद में अध्यक्ष, वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत मंझिऑव में अध्यक्ष, वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर, अध्यक्ष, वार्ड सदस्य के लिए अभ्यथियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन में किये गए व्यय को व्यय लेखा पंजी में इन्द्राज करने से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जो निम्नवत् है:–

| क0सं0 | नगरपालिका क्षेत्र का नाम | प्रशिक्षण की तिथि एवं समय | प्रशिक्षण स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद(वर्ग–ख) | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में | |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में | |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | प्रखण्ड कार्यालय श्रीबंशीधर नगर सभाकक्ष में | |

गढ़वा नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के गढ़वा नगर परिषद में अध्यक्ष, वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत मंझिऑव में अध्यक्ष, वार्ड सदस्य एवं नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर,अध्यक्ष, वार्ड सदस्य के लिए अभ्यथियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा पंजी की जाँच लेखा जाँच दल द्वारा चुनाव की तिथि से पूर्व तीन चरण में किया जाएगा।

| क0 | नगरपालिका क्षेत्र का नाम | लेखा जाँच हेतु निर्धारित तिथि समय 10:00 AM से 5:00 PM तक | | | जाँच स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | | |
| 1 | गढ़वा नगर परिषद (वर्ग–ख) | 12.02.2026 | 16.02.2026 | 20.02.2026 | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में | |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत | 12.02.2026 | 16.02.2026 | 20.02.2026 | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में | |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत | 12.02.2026 | 16.02.2026 | 20.02.2026 | प्रखण्ड कार्यालय श्रीबंशीधर नगर सभाकक्ष में | |

नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी उपर्युक्त तिथियों में व्यय लेखा जाँच दल से अपना–अपना निर्वाचन व्यय लेखा पंजी जाँच कराना सुनिश्चत करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, गढ़वा

PR 372444 Election (25-26)_D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–(आम)
सह–उपायुक्त, गढ़वा

## न्यूज बाइट्स

### सुरक्षा के मद्देनज़र औरंगाबाद जिले में बैंक चेकिंग अभियान तेज

**औरंगाबाद (एसवीवी . सं.)।** औरंगाबाद पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से निरंतर बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया गया, जहां बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई तथा बैंक लॉकर सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन और कर्मचारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित किया तथा सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैंककर्मियों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आम नागरिकों के धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के सुरक्षा अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों का नामांकन अब निशुल्क

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के दाउदनगर स्थित दाउदनगर कॉलेज में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के लिए नामांकन प्रक्रिया अब पूरी तरह निशुल्क कर दी गई है। यह निर्णय डॉ. प्रकाश चंद्र, ओबरा विधायक, के कार्यालय की पहल पर लिया गया है, जिसके बाद कॉलेज प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से शुल्क वसूली पर रोक लगा दी है। जानकारी के अनुसार, कॉलेज में पूर्व में नामांकन के दौरान "अंडरटेकिंग डेवलपमेंट फीस" के नाम पर 3000 से 3500 तक की राशि वसूली जा रही थी। इससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं में असंतोष था, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को नामांकन में परेशानी हो रही थी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रगति की समीक्षा

# उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के कार्य 31 मार्च तक होंगे पूरे

- समितियाँ प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट, मशीन व मानवबल की जानकारी जिला स्तर पर देंगी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अभिलाषा शर्मा, जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर कोयल जलाशय परियोजना से संबंधित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संवेदक, डब्ल्यूएपीसीओएस के पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना से जुड़े सभी कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। परियोजना के महत्व को देखते हुए और समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी द्वारा नबीनगर, अम्बा, औरंगाबाद एवं मदनपुर के उत्तर कोयल नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं तथा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को शामिल करते हुए चार जांच समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां प्रतिदिन योजना की प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन तथा विभिन्न पैकेजों में संवेदकों द्वारा लगाए गए मशीन एवं मानवबल की जानकारी जिला स्तर पर उपलब्ध कराएंगी। बैठक में परियोजना के अंतर्गत बिहार भाग में राइट मेन कैनाल के निर्माण कार्य, कैनाल लाइनिंग, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण, भौतिक प्रगति एवं लंबित कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने नक्शा और पीपीटी के माध्यम से नबीनगर, अम्बा, औरंगाबाद एवं मदनपुर अंचल में विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और संबंधित एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि राइट मेन कैनाल (बिहार भाग) के अंतर्गत 31.40 किलोमीटर से 109.09 किलोमीटर की सीमा तक लगभग 77.69 किलोमीटर लंबाई में कैनाल लाइनिंग तथा कुल 162 संरचनाओं का निर्माण प्रस्तावित है। पैकेज-3, पैकेज-4 और पैकेज-5 में मिट्टी कार्य, सबग्रेड (सीएनएस), कंक्रीट लाइनिंग एवं संरचनाओं के निर्माण में प्रगति दर्ज की गई है। पैकेज-6 में कार्य प्रगति पर है, जबकि पैकेज-7 के लिए निविदा मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है। पैकेज-8 और पैकेज-9 में कुछ स्थलों पर जलजमाव की समस्या के कारण डिवॉटरिंग कराते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह भी अवगत कराया गया कि कैनाल लाइनिंग के तहत पुरानी टाइल हटाना, खुदाई, सबग्रेड तैयारी (सीएनएस) और कंक्रीट लाइनिंग की प्रक्रिया के अनुसार कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही परियोजना के अंतर्गत डबल लेन रोड ब्रिज, सिंगल लेन रोड ब्रिज, एक्वाडक्ट, क्रॉस रेगुलेटर, हेड रेगुलेटर सहित अन्य संरचनाओं का निर्माण विभिन्न चेनिज पर प्रगति पर है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों में तेजी लाई जाए। जहां जलजमाव या अन्य तकनीकी बाधाएं हैं, वहां आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराते हुए कार्य को निर्बाध रूप से पूरा कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन संवेदकों द्वारा अब तक 50 प्रतिशत से कम कार्य किया गया है, वे कार्य की गति तीन गुना बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य पूर्ण करें। इस समीक्षा बैठक में अनुग्रह नारायण सिंह (अपर समाहर्ता), उपेंद्र पंडित (जिला भू-अर्जन पदाधिकारी), रितेश कुमार यादव (वरीय उप समाहर्ता) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सबका सम्मान–जीवन आसान के तहत जनता दरबार का आयोजन

- संबंधित विभागों को शिकायतों के समयबद्ध समाधान का निर्देश
- लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी
- शिकायत निष्पादन की नियमित निगरानी के निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से "सबका सम्मान–जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को एक-एक कर गंभीरता से सुना। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता दरबार में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों के निष्पादन की नियमित निगरानी की जाएगी। जनता दरबार में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई थीं। सुबह से ही शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जो पूरे दिन चलती रही। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएँ लेकर पहुंचे और प्रशासन से समाधान की उम्मीद जताई। प्राप्त सभी शिकायतों को विधिवत रजिस्टर में दर्ज किया गया तथा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का निष्पादन करें और प्रगति की रिपोर्ट भी नियमित रूप से प्रस्तुत करें।

प्रशासन ने बताया कि यह जनता दरबार केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि अनुमंडल, प्रखंड स्तर पर भी इसका आयोजन किया गया है, ताकि लोगों को अपने क्षेत्र में ही शिकायत दर्ज कराने की सुविधा मिल सके। इसके अलावा इस पहल के तहत प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के प्रधान अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याएँ सुनेंगे और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेंगे। प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से शासन और आम जनता के बीच संवाद मजबूत होगा तथा लोगों को सरल, सुलभ और संवेदनशील प्रशासन का अनुभव मिलेगा।

गोह में 'जी राम जी' योजना को लेकर बैठक, कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा

# ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय भवन में शुक्रवार की शाम करीब चार बजे केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'जी राम जी' योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद विजय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करना तथा 'जी राम जी' योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद विजय ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ-साथ पंचायत स्तर के कर्मियों ने भी भाग लिया। योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उपस्थित मीडिया कर्मियों के बीच पंपलेट का वितरण भी किया गया।

रफीगंज स्टेशन पर आरपीएफ की कार्रवाई

# यूपी से बिहार लाई जा रही शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)




पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत रफीगंज रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश से बिहार में अवैध रूप से शराब लाकर ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में था। आरपीएफ पोस्ट रफीगंज के निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक नितेश कुमार सिंह तथा प्रधान आरक्षी प्रमोद कुमार शामिल थे। आरपीएफ टीम ने रफीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर गाड़ी संख्या 13152 डाउन से आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान औरंगाबाद जिले के न्यू एरिया रफीगंज निवासी संजीव शर्मा के 18 वर्षीय पुत्र दिव्यम कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से उत्तर प्रदेश निर्मित 14.340 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12,170 रुपये बताई जा रही है।

आरपीएफ ने अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए आरोपी को राजकीय रेल थाना सोननगर को सौंप दिया। सोननगर थाना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## स्कूल हटाने के विरोध में उतरे ग्रामीण

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत बरहेता गांव में स्थित मध्य विद्यालय को हटाए जाने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश तेज हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि भारत माला परियोजना के तहत प्रस्तावित वाराणसी–कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण जिस मार्ग से किया जाना है, उसी स्थान पर गांव का मध्य विद्यालय स्थित है। सड़क निर्माण के लिए विद्यालय भवन को तोड़े जाने की योजना बनाई गई है, जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे सड़क निर्माण या विकास के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि विकास का स्वागत करते हैं। उनका कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के विद्यालय भवन को तोड़ना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में महात्मा नारायण दास ग्रोवर की श्रद्धा व सम्मान के साथ मनायी गयी पुण्यतिथि

निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)



डीएवी पब्लिक स्कूल नबीनगर में शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं विभिन्न विद्यालयों में प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएं दे चुके महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि महात्मा ग्रोवर जी के विचार, आदर्श और राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण आज भी शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन अनुशासन, सेवा और नैतिक मूल्यों पर आधारित रहा।

सभा में शिक्षिका शमा परवीन, शिक्षक दिनेश सिंह एवं गोपाल प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ग्रोवर जी सत्य, अहिंसा, सेवा और नैतिक मूल्यों के सशक्त प्रतीक थे। उनका जीवन समाज के उत्थान, मानवता की सेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा, जिससे आज की पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नबीनगर प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी ने कहा कि महात्मा ग्रोवर जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। यदि हम उनके बताए मार्ग पर चलें तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है। वहीं विद्यालय के एलएमसी सदस्य रमाकांत तिवारी ने भी महात्मा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सड़क हादसे में तीन युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद–भदवा मुख्य पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ऑटो से बचने के प्रयास में एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान नेहुटा गांव निवासी संत कुमार, बसंत कुमार और श्याम पाठक के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घायल संत कुमार ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बताया कि वे तीनों किसी जरूरी काम से बाइक से औरंगाबाद शहर जा रहे थे। जैसे ही वे तेंदुआ गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो से टक्कर होने की आशंका में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को निजी वाहनों की मदद से औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया।

## सात दिवसीय सूर्य नारायण यज्ञ का शुभारंभ

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत अंतर्गत गोरडीहा गांव में सात दिवसीय श्री सूर्य नारायण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। यह धार्मिक आयोजन 3 फरवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। यज्ञ का आयोजन प्रज्ञा धाम, वृंदावन से पधारे आचार्य गौरीश पाण्डेय के तत्वावधान में किया जा रहा है। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य गोरडीहा गांव में छठ घाट के समीप स्थित विशाल तालाब के किनारे नवनिर्मित सूर्य मंदिर में भगवान श्री सूर्य नारायण की प्रतिमा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा करना है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष महेंद्र साव उर्फ कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव कपिंद्र कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष बिसुन देव दास ने बताया कि पूरे विधि-विधान के साथ यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। यज्ञ के दौरान विनोद कुमार मिश्र एवं चंदन मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया जा रहा है। इस महायज्ञ के यजमान के रूप में प्रमोद साव उर्फ सेठ जी, अरुण कुमार, डॉ. निर्भय, शिवराज साव एवं युगेश किशोर गुप्ता शामिल हैं, जो पूरे श्रद्धा भाव से धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं।

# विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की प्रगति की समीक्षा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना "वर्ल्ड्स लार्जेस्ट ग्रेन स्टोरेज प्लान (डब्ल्यूएलजीपीएस)" की प्रगति की समीक्षा को लेकर आज दिनांक 06 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिद्धार्थ जैन, संयुक्त सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई। यह बैठक दिनांक 02 फरवरी को आयोजित पूर्व बैठक की कार्यवाही के आलोक में बुलाई गई थी, जिसमें योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के निर्देशानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता, औरंगाबाद सहित बिहार राज्य के आठ जिलों के जिला पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक, नाबार्ड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त सहकारिता निबंधक, बिहार सरकार, नाबार्ड मुख्यालय एवं बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि, संबंधित जिलों के डीडीएम, बिहार राज्य सहकारी बैंक तथा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन द्वारा बिहार राज्य में योजना के अंतर्गत चयनित पीएसीएस (प्राथमिक कृषि साख समितियों) में गोदाम निर्माण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। सहकारिता निबंधक, बिहार सरकार ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत चयनित कुल 36 पीएसीएस के लिए डीपीआर (डीपीआर) तैयार कर बैंकों को समर्पित कर दिया गया है। इनमें से 19 पीएसीएस के ऋण आवेदन संबंधित बैंकों को स्वीकृति के लिए अग्रसारित किए जा चुके हैं तथा इन्हें एआईएफ पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है।

शेष 17 पीएसीएस के संबंध में बताया गया कि 15 पीएसीएस के लिए गोदाम निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं थी, जबकि 02 पीएसीएस में उपलब्ध भूमि विवादित होने के कारण कार्य प्रगति प्रभावित हो रही थी। इस पर विभिन्न जिलों के जिला पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि 15 में से 10 पीएसीएस के लिए अब भूमि उपलब्ध करा दी गई है। शेष 05 पीएसीएसS के मामले में संयुक्त सचिव ने संबंधित जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि लीज (पट्टा) के आधार पर उपलब्ध कराने के विकल्प पर शीघ्र कार्य किया जाए, ताकि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार का विलंब न हो।

